# एकल संदेश

भारत लोक शिक्षा परिषद्

EKAL ABHIYAN A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
21वां संस्करण

जुलाई –सितम्बर, 2023


## एकल – गांव और शहर के मध्य सेतु

एकल राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन लाने मे कार्यरत है – शिक्षित भारत, स्वस्थ भारत, स्वावलंबी भारत, जागरुक भारत, नशामुक्त भारत, संगठित भारत, सुरक्षित भारत, समरस भारत।

आज भारत को धर्मांतरण नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, गांवों से शहरों में पलायन, अशिक्षा, बीमारी, गरीबी आदि समस्याओं ने राष्ट्र को घेरा है, एकल एक प्रहरी के रूप में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कार्यरत है।



# एकल, एक ब्रह्मास्त्र -

1. एकल मॉडल स्वामी विवेकानंद के दर्शन, सामाजिक सद्भाव और डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांतों और महात्मा गांधी के ग्राम विकास मॉडल से प्रेरित है। एकल आंदोलन का उद्देश्य निरक्षरता को खत्म करने और ग्रामीण और आदिवासी भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास का समग्र दृष्टिकोण अपनाने में मदद करना है ।

2. **एकल अकेला संगठन** - एकल अभियान विश्व में अकेला ऐसा संगठन है जो प्राथमिक शिक्षा के साथ - साथ अपने **विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक शिक्षा का भी बीजारोपण** करता है । जिससे छोटी आयु में ही उनमें कुसंगतियों को पहचानने की क्षमता का विकास होता है ।


3. **मिशन-** दूर दराज एवं वनवासी गांव का समग्र विकास, साक्षरता, आर्थिक विकास और सशक्तिकरण द्वारा

4. **उद्देश्य –** पंचमुखी योजनाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण – प्राथमिक एवं नैतिक शिक्षा, आरोग्य, कौशल विकास, जागरूकता एवं संस्कार

5. एकल जन आंदोलन ने 1988-89 में अपना आकार लिया ।

6. **प्रेरणा** – स्वामी विवेकानंद – अगर बच्चे स्कूल नहीं जा सकते तो स्कूल को बच्चों तक जाना होगा ।

7. **संस्थापक –** स्वर्गीय श्री मदन लाल अग्रवाला, **प्रणेता एवं संस्थापक सदस्य** – मा. श्याम जी गुप्त, प्रो. मंजु दीदी श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्य



**संस्थापक**

**स्व. श्री मदन लाल अग्रवाला**



**प्रणेता एवं संस्थापक सदस्य**

**मा. श्याम जी गुप्त**



**संस्थापक सदस्य**

**प्रो. मंजु दीदी श्रीवास्तव**

## एकल की उपलब्धियां –

a. **एकल पहुंच –** 2 राष्ट्र, 24 राज्य, 398 जिले, 1 लाख से अधिक गांव

b. **साक्षरता और मूल्यों का प्रसार –** 73 लाख छात्र उत्तीर्ण हुए, एकल छात्रों को औपचारिक स्कूली शिक्षा से जोड़ा

c. **राष्ट्रीय समस्याओं का निराकरण –** धर्मांतरण, नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, शहरों से पलायन, अशिक्षा, रोग, गरीबी आदि को दूर करने में सहयोग- लगभग 17900 विद्यालय बार्डर गांव में, 21000 विद्यालय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में, 70% जनजातीय जनसंख्या एकल से लाभान्वित, 80% आचार्य एवं सेवाव्रती जनजातीय एवं वंचित समाज से

d. **महिला सशक्तिकरण –** एकल विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में 50% लड़कियाँ हैं, महिला आचार्यों की संख्या 72% है, पूर्णकालिक महिला कार्यकर्ताओं की संख्या 22% है, आईटी से शिक्षा प्राप्त महिलाऐं GRC सेंटर में कार्यरत हैं जिनकी संख्या 40% है, 30% महिलाएं एकल ओन व्हील में प्रशिक्षक हैं, 20% महिलाएं जैविक पोषण वाटिका में प्रशिक्षक हैं। बाल - बालिकाएं लगभग समान अनुपात में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

e. **गाँवों के समग्र विकास के लिए** - Reported School-80813, Student-21.98 lakh, Arogya Resource Centre-62 , लाभ प्राप्त गाँव – 1021 लाभार्थी – 1801403, संस्कार शिक्षा – साप्ताहिक कक्षाएं, रथ आयोजन -71, Cow Van, Gramothan Resource Centre-14, जिनमें 181 परियोजनाए चल रही हैं | इन परियोजनाओं द्वारा 1098345 ग्रामवासी लाभान्वित हो रहे हैं, Ekal On Wheel- 46, Skill Development Centre-8, Integrated Village Development-36 Seva Vrati Karyakarta- 7418, No. of People Connected -1.58 Cr. (As par MRC August 2023)

## गांधी शांति पुरस्कार



**देश का सर्वोच्च पुरस्कार एवं सम्मान** – एकल अभियान की असाधारण उपलब्धियों के लिए, 26 फरवरी 2019 को वर्ष 2017 के लिए भारत के राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा गाँधी शांति पुरस्कार प्रदान किया गया है ।

# एकल संरचना - संगठन मुख्य रूप से तीन स्तम्भ पर टिका है– नगर संगठन, ग्राम संगठन एवं पूर्णकालिक और अंशकालिक सेवाव्रती।

एकल संस्थान
स्थापना – 2008
उद्देश्य – शोध कार्य
कार्य - एकल संस्थान का मिशन उन विचारों को आगे लाना है, जो भारत में ग्रामीण और आदिवासी विकास के परिदृश्य को बदल सकते हैं।
कार्यप्रणाली – एकल स्टडी सर्कल मीट्स, एकल लर्निंग यात्रा & DIT, डिजिटल लर्निंग (EOW & E-Shiksha), इम्पेक्ट अस्सेस्मेंट, आउटरीच प्रोग्राम आदि

भारत
स्थापन
उद्देश्य
कार्यक्षे
कार्य –
विषय
कहानी




आरोग्य फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया
स्थापना – 2004
उद्देश्य – स्वस्थ एवं सुरक्षित भारत
कार्य – ग्राम वैद्य, टेलीमेडिसिन, चिकित्सा सहायता केंद्र आदि
कार्य प्रणाली – योग, चिकित्सा (हर्बल, घरेलू, आयुर्वेद), स्वच्छता, पोषण आदि

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन
स्थापना – 2014
उद्देश्य –स्वावलंबी भारत
कार्य –कौशल विकास, जैविक खेती, पोषण वाटिका आदि
कार्य प्रणाली – ग्रामोत्थान संसाधन केंद्र
ग्राम विकास केंद्र, कुटीर उद्योग, कंप्यूटर लैब केंद्र, एकल ऑन व्हील्स आदि

श्रीहरि सत्संग समिति
स्थापना – 1996
उद्देश्य –संस्कारी एवं न
कार्य –व्यास कथाकार,
कार्यप्रणाली – दैनिक/स
दैनिक योग केंद्र, हनुमान

लोक शिक्षा परिषद्
ा –2000
– शिक्षित भारत
त्र – जम्मू , हिमाचल , उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश
-शिक्षा (प्राथमिक, संस्कार,आरोग्य आदि)
–भाषा, गणित, सामान्य ज्ञान, आरोग्य, गीत
, खेल -कूद, योगासन, सृजन

वनबंधु परिषद्
स्थापना -1989
उद्देश्य – शिक्षित भारत
कार्यक्षेत्र – पूर्व, उत्तर पूर्व, मध्य, पश्चिम एवं दक्षिण भारत
कार्य –शिक्षा (प्राथमिक, संस्कार,आरोग्य आदि)
विषय –भाषा, गणित, सामान्य ज्ञान, आरोग्य, गीत कहानी, खेल -कूद, योगासन, सृजन





एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया
स्थापना – 2000
उद्देश्य – शिक्षित भारत
कार्यक्षेत्र – ब्रजमंडल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान,पंजाब, जम्मू
कार्य –शिक्षा (प्राथमिक, संस्कार,आरोग्य आदि)
विषय –भाषा, गणित, सामान्य ज्ञान, आरोग्य, गीत कहानी, खेल -कूद, योगासन, सृजन

एकल ग्लोबल फाउंडेशन
स्थापना – 2018
कार्यक्षेत्र – वैश्विक स्तर
कार्य – एकल विचारधारा और मॉडल को दुनिया के सभी कोनों में फैलाने के लिए एक संगठन
कार्यप्रणाली – जागरूकता अभियान द्वारा

शामुक्त भारत
भजन कीर्तन आदि
ाप्ताहिक सत्संग, श्रीहरि रथ, गौग्राम,
परिवार, एकल सुर ताल आदि

# एकल ग्राम संगठन

स्थापना एकल ग्राम संगठन – 20 15
उद्देश्य – स्वामित्व की भावना पैदा करना, गाँव में समर्पित टीमों का गठन, ग्राम, संच एवं अंचल समितियों को सक्रिय करना, ग्रामीणों में आत्मविश्वास जगाना आदि
कार्य – समन्वय वर्ग अंचल स्तर तक, खेल कूद प्रतियोगिता, प्रगत संच बनाना, स्वावलंबन धनराशि संग्रह, प्रशिक्षण वर्ग, योग दिवस उत्सव आदि




As on 21 September 2023

## सेवाव्रती

सेवाव्रती ग्रामीण एवं जन जातीय समाज की वह युवा शक्ति है, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सेवा का प्रण लिया। सेवाव्रती एकल की पंचमुखी योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए, घर-परिवार से दूर 25 दिन प्रवास करते है। इस प्रवास में वह समिति की सक्रियता, प्रकल्प गुणवत्ता, कार्यक्रमों का आयोजन, बैठक / वर्ग की नियमितता, ग्राम संगठन का विकास, स्वावलंबी विद्यालय आदि के लिए प्रयास करते हैं।

(सेवा आयु)

- नवीन – 01 वर्ष से कम
- प्रारंभिक – 01 से 05 वर्ष
- जीवनव्रती – 06 से 12 वर्ष
- ध्येयव्रती – 13 से 19 वर्ष
- वारिष्ठ – 20 वर्ष से अधिक

# एकल संरचना

1. एकल एक परिवार की तरह है। यह नगर संगठन के समिति सदस्यों, ग्राम संगठन के समिति सदस्यों एवं सेवाव्रतियों में परस्पर समन्वय स्थापित करती है ।
2. एकल अभियान ट्रस्ट के अंतर्गत नगर संगठन, ग्राम संगठन एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी कार्यरत है । केन्द्रीय कार्यकारिणी ग्राम संगठन तथा अभियान के समस्त कार्यक्रमों का सुचारू संचालन के लिए अपेक्षित है ।
3. केन्द्रीय कार्यकारिणी के अंतर्गत ग्राम संगठन विभिन्न मंडल एवं टोली कार्यरत है ।

## केन्द्रीय कार्यकारिणी (CEC)

- अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल (ABPM)
- केन्द्रीय कार्यकारिणी मंडल (KKM)
- संभाग कार्यकारिणी मंडल (SKM)
- भाग कार्यकारिणी मंडल (BKM)
- अंचल कार्यकारिणी मंडल (AKM)

- केन्द्रीय योजना कोर (CYC)
- विभाग प्रमुख (HOD)
- संभाग टोली (STO)
- भाग टोली (BTO)
- अंचल टोली (ATO)

**ग्राम संगठन केन्द्रीय समिति (GSKS)**



**Rajiv Aggarwal**
National Gen. Secretary, BLSP
Prabhari, CSR Vibhag &
Internal Audit, Abhiyan

# कानपुर चैप्टर द्वारा डिजिटल साक्षरता की पहल



भारत लोक शिक्षा परिषद् कानपुर चैप्टर की महिला विभाग के प्रयास से HBTU CAMPUS शताब्दी भवन कानपुर में 9 जुलाई 2023 को एकल कंप्यूटर प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी (राज्यपाल, उत्तर प्रदेश) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मा0 राज्यपाल जी द्वारा एकल ऑन व्हील लैब का FLAG OFF किया गया | कार्यक्रम में एकल कंप्यूटर बस के दानवीर फ्रंटियर एलॉय स्टील लिमिटेड के डायरेक्टर श्री मनु भाटिया, कानपुर चैप्टर के संरक्षक श्री सुरेन्द्र गुप्ता जी, सचिव श्री ध्रुव रुईया जी, उपाध्यक्ष श्री प्रकाश कनोडिया जी, चैप्टर सदस्य श्री सुभाष गुप्ता जी व कानपुर महिला विभाग चैप्टर की अध्यक्षा डा.अनुराधा जी, श्रीमती कीर्ति भूषण जी, श्रीमती नीलम जी सहित कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।



# लखनऊ चैप्टर, महिला विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन|

भारत लोक शिक्षा परिषद, लखनऊ चैप्टर महिला विभाग द्वारा 28 जुलाई 2023 को द रेग्नैन्ट, निराला नगर, लखनऊ में अमीलिया नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया | जिसमें लगभग 700 लोगों ने भाग लिया |






प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य एकल का प्रचार-प्रसार करना एवं एकल बहनों द्वारा बनाई गयी क्षेत्रीय हस्तकलाओं को प्रोत्साहित करना था | इसमें देश भर के प्रमुख शहरों से लोगो ने अपनी प्रदर्शनी लगाई जिसमें साड़ी, सलवार सूट, डिजाइनर ड्रेस, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, राखी, और घरेलु सजावट के सामान आकर्षण के केंद्र रहे |

# सीएसआर विभाग द्वारा रामनगर में एकल विद्यालय की वनयात्रा



भारत लोक शिक्षा परिषद, सीएसआर कमेटी द्वारा 21 से 23 जुलाई 2023 तक उत्तराखंड के रामनगर की वनयात्रा की गयी। इस वनयात्रा में कुल 33 लोग शामिल हुए जिसमें से कुल 27 नए सदस्य थे। इस वनयात्रा के माध्यम से लगभग 10 एकल विद्यालयों का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

वनयात्रा का मुख्य उद्देश्य एकल द्वारा संचालित विद्यालयों को प्रत्यक्ष रूप से देखना, विद्यालय की संचालन प्रणाली समझना, नए सदस्यों को जोड़ना, समिति सदस्यों को सक्रिय करना, दानदाताओं को दान के लिए प्रोत्साहित करना और अपनी ग्रामीण संस्कृति के बारे में जानना था।





इस वनयात्रा के माध्यम से सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों को एकल को अच्छी तरह से समझने तथा व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने में मदद मिली।

सभी वनयात्री एकल विद्यालय को देखकर इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने प्रतिदिन 15 मिनट एकल को देने एवं कंपनी से CSR के अंतर्गत एकल विद्यालय के लिए सहयोग दिलाने का संकल्प भी लिया।

सभी वनयात्रियों ने तीन विद्यालय शिवनाथ पुर भनाड़ी, बस्ती न.- 5 एवं थारी को देखा।

सभी वनयात्रियों ने इस यात्रा का इतना आनंद लिया जिसको शब्दों में व्यक्त कर पाना संभव नही है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में जहाँ पर आसानी से पहुंचना मुश्किल होता है, बहुत कम संसाधन उपलब्ध हैं वहां एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं निश्चित रूप से राष्ट्र निर्माण का इससे बड़ा कार्य और कुछ नही हो सकता है।



# एकल अभियान के यू ट्यूब चैनल "एकल भारत" का भव्य शुभारंभ

77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के रायल प्लाजा होटल में 15 अगस्त 2023 को एकल अभियान के तहत संचालित होने वाले यू ट्यूब चैनल 'एकल भारत' का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट मुख्य अतिथि केन्द्रीय इस्पात मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विशिष्ट अतिथि सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अश्विनी उपाध्याय जी उपस्थित रहे।







**श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री) –** "एकल के माध्यम से ग्रामीण आदिवासी परिवारों की शिक्षा स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्वालंबन के लिए जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वह बहुत ही सराहनीय है।"

**श्री अश्वनी उपाध्याय (वरिष्ट अधिवक्ता, उच्चतम न्यायलय) –** एकल ने अपने प्रयास के द्वारा एक लाख विद्यालयों का जो नेटवर्क खड़ा किया है वह राष्ट्र की बहुत बड़ी सेवा है।

**माननीय श्याम जी गुप्त (अभिभावक, एकल अभियान) –** मित्रों आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि एक लाख गांव में हम शक्ति केंद्र बनाने में सफल हुए हैं। हमारी तपस्या अब दुनिया देखेगी हमारा स्वाभिमान अब इस देश का प्रत्येक नागरिक अनुभव करेगा उसी का नाम एकल भारत यूट्यूब चैनल है।






एकल अभियान के प्रेरणास्रोत माननीय श्याम जी गुप्त, एकल संस्थान ट्रस्ट बोर्ड की चेयरपर्सन प्रो. मंजु श्रीवास्तव, एकल अभियान ट्रस्ट बोर्ड के ट्रस्टी श्री लक्ष्मी नारायण गोयल, एकल अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी सहित नगर एवं ग्राम संगठन के कई गणमान्य महानुभावों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सीएसआर विभाग द्वारा "CSR सहयोग सम्मान समारोह" का आयोजन




"CSR सहयोग सम्मान समारोह" का आयोजन भारत लोक शिक्षा परिषद, सीएसआर विभाग द्वारा 23 अगस्त 2023 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली में किया गया | इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष सरकार जी (केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री)-**

मुझे यह कहने में बड़ा हर्ष हो रहा है कि भारत लोक शिक्षा परिषद् ग्रामीण एवं आदिवासी परिवार के बच्चों की शिक्षा के लिए और शिक्षित भारत के निर्माण में कार्य कर रहा है।






इस कार्यक्रम में समाज के शिक्षा प्रेमी दानदाताओं एवं प्रबुद्ध महानुभावों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षित राष्ट्र के निर्माण में एकल विद्यालय हेतु योगदान दिया है| इस कार्यक्रम में बहुत से दानवीर बन्धुओं ने सहयोग की इच्छा भी व्यक्त की।

ग्रामीण एवं वनवासी बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले समाज के दानवीर, प्रबुद्ध महानुभाव एवं शिक्षा प्रेमियों के सहयोग से आज देश के अधिकांश भागों में एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

श्री सुभाष सी. अग्रवाल जी, ट्रस्टी एवं चेयरमैन CSR कमेटी के सहयोग, सानिध्य और निर्देशन में ये कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।



## एकल भवन में मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस





भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा 77वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एकल भवन पीतमपुरा दिल्ली में एकल अभियान के अभिभावक व संस्थापक सदस्य माननीय श्याम जी गुप्त द्वारा प्रात: 10:30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में 25 से अधिक लोगों उपस्थित रहे।

## उत्तरी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग द्वारा एकल तीज महोत्सव का आयोजन



भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग द्वारा बुधवार 09 अगस्त 2023 को जनवासा बैंक्वेट, रोहिणी-13 दिल्ली में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 की संख्या में बहनें उपस्थित थीं जिसमें से 70 नई बहनें थीं।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम पार्षद श्रीमती शिखा गुप्ता भरद्वाज जी ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

BLSP राष्ट्रीय महिला विभाग की चेयरपर्सन, श्रीमती दर्शना गोयल जी द्वारा एकल के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया गया।

राष्ट्रीय महिला विभाग उपप्रधान, श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी ने एकल ग्रामोत्थान के बारे में जानकारी दी। उत्तरी दिल्ली चैप्टर प्रधान श्रीमती साधना गुप्ता जी ने तीज महोत्सव के महत्व के बारे में बताया कि हरियाली तीज के दिन भगवान शिवजी ने देवी पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वरदान दिया।



# राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव' का भव्य आयोजन












भारत लोक शिक्षा परिषद् 'राष्ट्रीय महिला विभाग' के द्वारा श्रीमती सोनल रासीवासिया जी, श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी एवं महिला विभाग की पूरी टीम के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन 03 सितम्बर 2023 को NDMC कन्वेंशन सेंटर, कनाट प्लेस में किया गया, जिसमें लगभग 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि पद्मश्री जलयोद्धा श्री उमाशंकर पाण्डेय जी रहे। कार्यक्रम में प्रसिद्द भजन गायक ध्रुव शर्मा एवं गायिका स्वर्ण श्री जी के मधुर भजनों का अमृतपान करने का अवसर प्राप्त हुआ...इस कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् के सभी चैप्टर्स की बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और महिला विभाग की बहनों ने बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

# फरीदाबाद महिला विभाग चैप्टर भव्य शुभारम्भ

राष्ट्रीय महिला विभाग प्रधान सोनल रासीवासिया, राष्ट्रीय महिला विभाग उपप्रधान माधुरी अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय महिला विभाग निधि गुप्ता जी के नेतृत्व में पूनम गुप्ता जी के घर पर भारत लोक शिक्षा परिषद् फरीदाबाद चैप्टर महिला विभाग का 05 अगस्त 2023 को उद्घाटन किया गया। इसमें लगभग 15 नई महिलाएँ जुड़ीं।



# जम्मू चैप्टर (BLSP) में नए प्रधान श्री राहुल बंसल जी का मनोनयन कार्यक्रम



जम्मू चैप्टर के नए प्रधान श्री राहुल बंसल जी, श्री हरदीप अग्रवाल जी एवं श्री विजय पहलवान के नेतृत्व में 12 सितंबर 2023 को भव्य बैठक का आयोजन लॉर्ड्स इन होटल, जम्मू में किया गया। जिसमें लगभग 70 लोग उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य जम्मू चैप्टर में नए सदस्यों को जोड़ना, एकल का प्रचार-प्रसार करना एवं उन्हें एकल के पुनीत कार्य के बारे में बताकर एकल में सहयोग के लिए प्रेरित करना था।

भारत लोक शिक्षा परिषद् के चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी ने एकल का बहुत ही प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया, जिससे प्रभावित होकर कई लोगों ने एकल में सहयोग देने एवं एकल से जुड़ने की इच्छा भी व्यक्त की।

प्रधान श्री राहुल बंसल जी एवं महामंत्री श्री हरदीप अग्रवाल जी ने श्री नीरज रायजादा जी को चैप्टर बैठक में शामिल होने और सबको मोटिवेट करने के लिए धन्यवाद दिया और चैप्टर को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।







# रोटरी, इनर वील क्लब ऑफ़ दिल्ली मेन में एकल का प्रेजेंटेशन







इनर वील क्लब ऑफ़ दिल्ली मेन, द्वारा 21 सितम्बर 2023 को इंडिया इंटरनॅशनल सेंटर, दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने एकल का प्रेजेंटेशन दिया और एकल द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया कि एकल शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण और स्वालंबन के माध्यम से कैसे राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है।

एकल द्वारा शिक्षित राष्ट्र के निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर इनर वील क्लब ऑफ़ दिल्ली मेन ने भारत लोक शिक्षा परिषद् को 10 एकल विद्यालयों का सहयोग प्रदान किया है।

# पश्चिमी दिल्ली चैप्टर BLSP द्वारा भव्य "कवि सम्मेलन" का आयोजन



पश्चिमी दिल्ली चैप्टर द्वारा रविवार, 17 सितम्बर 2023 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर बहुत ही भव्य "कवि सम्मेलन" का आयोजन किया गया| चैप्टर के ट्रस्टी प्रभारी श्री सुभाष अग्रवाल जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण टीम के अथक प्रयास से कवि सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी।

कार्यक्रम में बहुत सारे सहयोगी दानदाताओं से एकल विद्यालयों के सहयोग की स्वीकृति भी प्राप्त हुई, जिसमें महाशतकवीर (1000 विद्यालय का सहयोग), शतकवीर (100 विद्यालय का सहयोग) एवं अन्य दानदाताओं का सार्थक सहयोग रहा।







श्री अनिल अग्रवंशी जी ने कवि सम्मेलन का संचालन किया| प्रसिद्ध कवि श्री सुनील जोगी और श्री राम भदावर जी ने राष्ट्रवाद और वीर रस की कविता सुनाकर सभी में जोश एवं उत्साह भर दिया । श्री अरुण जैमिनी जी एवं सुदीप भोला जी ने अपने काव्य पाठ से सभी को खूब हंसाया साथ ही श्रीमती अनामिका अम्बर ने कविता सुनाकर सभी को भावविभोर किया।

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
**राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री**
**भारत लोक शिक्षा परिषद्**

**प्रिय पाठक....**

शिक्षित भारत से ही होगा समृद्ध भारत का निर्माण....इसी संकल्पना को लेकर एकल अभियान आगे बढ़ रहा है...समाज के सबसे निचले स्तर तक शिक्षा पहुंचे, एक भी बच्चा इससे अछूता न रहे हम सबका प्रयास है |

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा प्रकशित एकल संदेश समाचार पत्रिका का उद्देश्य एकल द्वारा शिक्षित और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए किये जा रहे कार्य से समाज को परिचित कराना है जिससे प्रेरित होकर वे भी शिक्षा के इस महा अभियान में अपना योगदान दे सकें | एकल से जुड़े हुए सभी दानदाता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता बंधुओं का मैं हार्दिक धन्यवाद् करता हूँ, आप सभी के सहयोग से यह संस्था आज इस ऊँचाई तक पहुंची है | आईये हम सब मिलकर शिक्षित भारत के निर्माण में अपना अपना सहयोग दें |

जय श्री राम

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

**DONATE NOW**

| वार्षिक सहयोग | | | |
|---|---|---|---|
| 1 विद्यालय के लिए | ₹ 22,000/– | 30 विद्यालय के लिए | ₹ 6.60 लाख |
| 5 विद्यालयों के लिए | ₹ 1,10,000/– | 50 विद्यालयों के लिए | ₹ 11 लाख |
| 10 विद्यालयों के लिए | ₹ 2,20,000/– | 100 विद्यालयों के लिए | ₹ 22 लाख |

एकल अभियान से जुड़ने के लिए हमारी वेबसाइट www.ekalblspindia.org पर सम्पर्क करें
एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें -

**Bharat Lok Shiksha Parishad**
A/C No: 467902050000186, Union Bank of India, IFSC Code : UBIN 0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

इस सहयोग राशि से आपके नाम से विद्यालयों का संचालन किया जाता है एवम् इन विद्यालयों की फोटोग्राफ भी समय–समय पर आपको **WhatApp** के माध्यम से संप्रेषित किए जाते हैं साथ ही आप इन विद्यालयों की वनयात्रा भी कर सकते हैं जिससे आपको बहुत ही सुखद अनुभव की प्राप्ति होगी।

For More Info.

**मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)**
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
एकल भवन, NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665
ई मेल : administration@blspindia.org, drw@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad